# वॉलीबॉल टीम के एक ओर खिलाड़ी ने उपचार के दौरान अस्पताल में तोड़ा दम

अजमेर, (कासं)। ब्यावर रोड स्थित बकरा मंडी के समीप 6 नवंबर को खिलाड़ियों से भरी कार पलटने के मामले में मंगलवार को जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में भर्ती गंभीर रूप घायल एक ओर खिलाड़ी की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक छात्रों के परिजन समेत घायल छात्रों के परिजन सहित जनप्रतिनिधियों ने भी अस्पताल के मुर्दाघर पहुंचकर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

छात्र की मौत के बाद धरने पर बैठे पूर्व मंत्री व विधायक डॉ वासुदेव देवनानी, डिप्टी मेयर नीरज जैन ने कहा कि स्कूल मालिक व स्कूल प्रशासन को यहां बुलाया जाये। देवनानी ने कहा कि स्कूल प्रशासन हो या फिर स्कूल मालिक व स्कूल प्रिसिंपल जो भी इस हादसे में दोषी पाये जाते है उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये।

मेघवंश समाज के जिलाध्यक्ष रमेश मेघवाल ने कहा कि इस मामले में स्कूल प्रशासन की लापरवाही थी कि उन्होंने खिलाडियों को मसूदा ले जाने के लिये निजी वाहन लिया ओर क्षमता से अधिक छात्रों को बैठाया ओर स्कूल का पीटीआई उक्त वाहन को चला रहा था। मेघवाल ने कहा कि मृतक छात्र अनुज को आर्थिक सहायता दिलवाई जाये ओर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही जाये, अन्यथा मेघवंश समाज आंदोलन करने पर मजबूर होगा।



विधायक वासुदेव देवनानी और डिप्टी मेयर नीरज जैन ने अस्पताल के मुर्दाघर पहुंचकर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया और कार्यवाही की मांग की।

- छात्रों के परिजन ने स्कूल की मान्यता रद्द करने की मांग की
- कार पटलने के मामले में अब तक दो छात्रों की मौत

अजमेर के कोटड़ा स्थित सेंट्रल एकेडमी स्कूल की वॉलीबॉल टीम और कोच 6 नवंबर को सुबह मैच खेलने के लिए मसूदा जा रहे थे, इसी बीच बकरा मंडी के पास कार बिजली के पोल से टकराने के बाद तीन बार पलटी खा गई थी। इस दौरान यश दिवाकर की मौके पर ही मौत गई थी, जबकि मंगलवार को घायल छात्र फायसागर रोड नृसिंहपुरा निवासी अनुज कुमार सुवाल पुत्र विजय कुमार सुवाल की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजन सहित घायल छात्रों के परिजन भी अस्पताल पहुंचे और मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर शव उठाने लेने से इंकार कर दिया।

पूर्व मंत्री और विधायक वासुदेव देवनानी, डिप्टी मेयर नीरज जैन, कांग्रेस नेता राजकुमार जयपाल व पार्षदों सहित परिजन अस्पताल में धरने पर बैठे। उनकी मांग थी कि स्कूल प्रशासन को मौके पर बुलाए और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की जाए। अस्पताल में विरोध प्रदर्शन को देखते हुए तहसीलदार प्रीति चौहान और कार्यवाहक एसडीएम अमिता भी मौके पर पहुंची, लेकिन आक्रोशित लोगों ने उनसे बात करने से मना कर दिया और मौके पर जिला कलेक्टर को बुलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि जब तक कलेक्टर नहीं आते तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। इसके बाद अतिरिक्त जिला कलेक्टर भावना गर्ग पहुंची और लोगों ने स्कूल के खिलाफ कार्रवाई की मांग और सरकार से उचित मुआवजा देने की मांग की। एडीएम सिटी गर्ग ने कलेक्टर द्वारा पुलिस व प्रशासन की स्तर पर अलग अलग कार्रवाई करने का आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। इस दौरान स्कूल प्रशासन पर आरोप लगाते हुए रामगंज थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है। अस्पताल में मौके पर नॉर्थ सीओ छवि शर्मा, रामगंज थाना प्रभारी सतेन्द्रसिंह नेगी, सिविल लाइन थाना प्रभारी दलवीरसिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस जाप्ता तैनात रहा।

विधायक वासुदेव देवनानी और डिप्टी मेयर नीरज जैन ने हादसे को लेकर जिला प्रशासन को भी आरोपों के घरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा कि शहर की सडकें टूटी फूटी पड़ी है, सडकों पर डामरीकरण नहीं किया जा रहा है, जिसके चलते आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। हाईकोर्ट के एक निर्णय के अनुसार पीडब्ल्यूडी को इस हादसे में मुआवजा राशि देने चाहिये।

मुर्दाघर के बाहर विरोध प्रदर्शन के दौरान के विधायक वासुदेव देवनानी, डॉ राजकुमार जयपाल, डिप्टी मेयर नीरज जैन, षार्षद भारती श्रीवास्वत, रमेश सोनी, कुदंन वैष्णव समेत करीब 15 पार्षद व मृतक छात्र के परिजन समेत मेघवंश समाज के लोग मौजूद रहे।

# देह व्यापार में लिप्त मुख्य आरोपी आठ माह बाद गिरफ्तार



पुलिस ने देह व्यापार में लिप्त फरार मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया।

- पाली जिले का है आरोपी, फलौदी में पुलिस के हाथ आया
- पुलिस टीम ने फरवरी में स्पा हाउस में दबिश देकर देह व्यापार में लिप्त 7 जनों को पकड़ा था

नागौर, (निसं)। पुलिस उपाधीक्षक मय टीम ने फरवरी माह में बीकानेर रोड पर एक स्पा हाउस में दबिश देकर देह व्यापार में लिप्त 7 जनों को पकडा था। मुख्य आरोपी तब से फरार चल रहा था जो पुलिस की पकड में आ गया।

नागौर कोतवाली थानान्तर्गत बीकानेर रोड पर एक स्पा सेंटर के नाम पर वेश्यावृत्ति कराने का मुख्य आरोपी आठ माह बाद पुलिस के हाथ आया है। कोतवाली पुलिस ने स्पा सेंटर के मुख्य संचालक को जोधपुर जिले के फलौदी कस्बे से पकडा है। इस प्रकरण में पुलिस ने फरवरी माह में दबिश देकर 7 जनों को गिरफ्तार किया था। मुख्य आरोपी लंबे समय से फरार था मगर कोतवाली थानाधिकारी मय टीम की लगातार जांच पडताल के बाद आरोपी को को गिरफ्तार कर लिया है। जिला पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने बताया कि 17 फरवरी 2022 को नागौर के पुलिस उपाधीक्षक विनोद कुमार सीपा ने बीकानेर रोड स्थित स्वामी बुधा स्पा हाउस पर बाहर से लडकिया बुलाकर देह व्यापार कराने की सूचना मिली थी।

इस पर सीपा के नेतृत्व में एक पुलिस ने स्वामी बुधा स्पा हाउस पर छापा मारा तो यहां 7 जनों को देह व्यापार के आरोप में गिरफ्तार किया गया था लेकिन स्पा सेंटर का मुख्य संचालक उस समय पुलिस के हाथ नहीं आया। पुलिस ने मामला अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत दर्ज किया। उसके बाद पुलिस समय समय पर मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास करती रही मगर आरोपी हाथ नहीं आया। जिला पुलिस अधीक्षक राममर्ति जोशी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा व सीओ विनोद कुमार सीपा के निकटतम सुपरविजन में कोतवाली थानाधिकारी हनुमान सिंह चौधरी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए।

देह व्यापार मामले का मुख्य आरोपी गजेन्द्र राव पुत्र सूरजमल जाति राव मूल रूप से पाली जिले की बाली तहसील के गांव कुम्हारों का जाव फालना का वाशिंदा है। उसे पुलिस ने अब जोधपुर जिले के फलौदी कस्बे से गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हनुमानसिंह व उनकी टीम आसूचना व तकनीकी सहायता से आरोपी की लोकेशन खंगाल रही थी। आखिर 8 माह बाद आरोपी पुलिस के हत्थे चढ गया।

# अवैध रिश्ते में बाधक बन रहे बालक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर खुलासा किया

नागौर, (निसं)। अवैध संबंधों में बाधक बन रहे एक 11 वर्षीय बालक का एक युवक ने मोबाइल दिलाने का लालच देकर अपहरण किया और बाद में उसे मौत के घाट उतार देने का मामला सामने आया है। युवक ने बालक के शव को छोटीखाटू के पास रेलवे ट्रैक पर फैक दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। देर शाम पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनो को सौंप दिया।

जिला पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने बताया कि परिवादी चांदसिंह पुत्र कानसिंह रावणा राजपूत निवासी तितरी ने दी रिपोर्ट में बताया कि उसके भाई राजूसिंह के 11 वर्षीय पुत्र नवदीपसिंह को 7 नवंबर को सीताराम पुत्र मदनलाल मेघवाल मोबाइल दिलाने का लालच देकर अपहरण कर ले गया था। अब बालक का शव छोटीखाटू के आगे रेल पटरियों पर मिला। खुनखुना पुलिस शव को कब्जे में लेकर राजकीय चिकित्सालय बडीखाटू में पोस्टमार्टम के लिए लेकर आई तो 8 नवंबर को परिवादी चांदसिंह ने सीताराम मेघवाल पर हत्या का आरोप लगाया। हत्या का मामला संज्ञान में आते ही जिला पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने डीडवाना के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमलसिंह नेहरा व डीडवाना सीओ गोमाराम के सुपरविजन में लाडनूं थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह व खुनखुना थानाधिकारी बनवारीलाल के नेतत्व में दो टीमों का गठन कर मामले का खुलासा करने के निर्देश दिए। जिला पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने 11 वर्षीय बालक के अपहरण कर उसकी हत्या करने को गंभीर प्रवृत्ति का मामला मानते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस पर दोनों पुलिस टीमों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए संदिग्ध सीताराम उर्फ सुरेश पुत्र मदनलाल मेघवाल निवासी छोटूखाटू को अनुसंधान के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर दस्तयाब कर पूछताछ की तो उसने बालक नवदीप सिंह का अपहरण कर हत्या करना स्वीकार कर लिया। इस पर आरोपी सीताराम उर्फ सुरेश मेघवाल को पुलिस ने तुरंत गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार अनुसंधान में यह सामने आया कि आरोपी सीताराम मेघवाल व मृतक बालक की मां के बीच पिछले एक साल से जान पहचान होने के चलते अवैध रिश्ते बन गए थे। अवैध रिश्तों में मृतक बालक बाधक बन रहा था। जिसको रास्ते से हटाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से साजिश रचकर उसे नए मोबाइल दिलाने का लालच देकर पहले अपहरण किया गया और बाद में उसकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद साक्ष्य छुपाने के लिए उसे रेलवे ट्रेक पर फैंक दिया गया। मगर एसपी पुलिस टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस त्वरित कार्रवाई में लाडनूं थानधिकारी सुरेन्द्र सिंह, खुनखुना थानाधिकारी बनवारी लाल मीणा सहित लाडनूं के कांस्टेबल गोपालराम, रामधन, खुनखुना के हैड कांस्टेबल छोटूराम, कांस्टेबल कैलाश रोज व डीडवाना के कांस्टेबल रिछपाल आदि शामिल थे।

## अवैध 160 गैस सिलेंडर जब्त

उदयपुर, (कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र में स्थित कार्गो कार्यालय पर पुलिस ने दबीश देकर 160 अवैध गैस सिलेण्डर जब्त किए। टीम ने कार्यवाही करते हुए सवीना सब सिटी सेंटर पर स्थित आर के कार्गो कार्यालय पर दबीश देकर खाली गैस के 160 सिलेण्डर पाए गए। पूछताछ में कोई संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर पुलिस ने धारा 102 में सिलेण्डर जब्त कर मामला दर्ज किया।

# बदमाशों ने युवक के प्राइवेट पार्ट में मिर्ची पाउडर डाला तथा मारपीट की

- घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल
- पीड़ित की रिपोर्ट पर 4 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

मांडलगढ, (निसं)। मांडलगढ थाना क्षेत्र के श्यामपुरा इलाके में करीब एक सप्ताह पूर्व दबंगों ने एक युवक को अर्धनग्न कर प्राइवेट पार्ट में पहले मिर्ची पाऊडर डाला। फिर लाठी ओर डंडों से मारपीट की गई। इस बर्बरता पूर्ण घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने इस मामले में पीडित के पिता की रिपोर्ट पर चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है ओर आरोपियों की तलाश में जुट गई हैं।

मांडलगढ़ पुलिस उप अधीक्षक कीर्ति सिंह ने बताया कि मांडलगढ थाना क्षेत्र के श्यामपुरा पुलिस चौकी इलाके में यह घटना 3 नवम्बर की हैं। घटना के बाद पीडित पक्ष की ओर से पुलिस को कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। घटना सामने आने के बाद तुरंत पीडित से मांडलगढ थानाधिकारी मनोज जाट ने हनुमान नगर थाना क्षेत्र में पीडित से सम्पर्क कर रिपोर्ट ली और चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश कर जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पीडित युवक के भाई खोहरा कलां थाना हनुमान नगर निवासी राकेश मीणा ने बताया कि श्यामपुरा के जालम की झोंपडियां के रहने वाले बदमाशों उसके भाई का बिजोलिया से ट्रेक्टर लेकर आते समय रास्ता रोक कर पकड लिया और रस्सी से हाथ बाँध लाठी डंडों से मारपीट की। रात भर उसके भाई राहुल मीणा को अर्द्ध नग्न कर प्राइवेट पार्ट में मिर्ची डाल जंगल मे ले जाकर बर्बरता से मारपीट की। बदमाशों ने पीडित युवक के भाई राकेश कुमार को फोन कर मौक़े पर बुलाया और पीडित युवक को छोडने के बदले ढाई लाख रुपए की माँग की गई। खोहरा कलां से आए पीडित के भाई और परिजनों ने बदमाशों से उक्त राशि देने में असमर्थता जताई। काफी जद्दोजहद के बाद पीड़ित के भाई से बदमाशों ने 70 हजार रुपए वसूल कर स्टाम्प पेपर पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करने की बात लिखवाई गई।

इसके बाद दबंगों ने पीडित युवक को देवी देवता की सोगन्ध खिलाई ओर रस्सी से बंधे हाथ खोल कर छोडा गया ओर श्यामपुरा इलाके में दोबारा नहीं आने की धमकी बदमाशों ने पीडित युवक को दी। पीडित युवक की हालत इतनी गम्भीर हो गई कि उसे चलने फिरने में दिक्कत आ रही हैं ओर दबंगों की बर्बरता पूर्वक घटना से अभी भी ख़ौफ़ में हैं। इस मामले में पीडित युवक राहुल मीणा के पिता प्यारा राम मीणा निवासी खोहरा कला थाना हनुमान नगर ने मांडलगढ थाने में रमेश चंद मीणा नयागांव (बिजौलियां), दुर्गेश मीणा, बीरालाल मीणा व रमेश मीणा जालम की झोंपड़ीया (मांडलगढ)के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। मांडलगढ थानाधिकारी मनोज सिंह जाट ने बताया कि घटना की सूचना किसी ने थाने पर नहीं दी थी। जानकारी मिलते ही सोमवार रात्रि में ही पीडित की रिपोर्ट दर्ज कर युवक का मेडिकल चेकअप करा कर बयान दर्ज किए है और आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम जुटी हैं। घटना में लिप्त आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## रोड का शुभारंभ

उदयपुर, (कासं)। गिर्वा प्रधान सज्जन कटारा ने उमरड़ा से बागदडा तक रोड का शुभारंभ किया। इस दौरान सरपंच हीरालाल मीणा, प्रमोद मेनारिया (पार्षद नगर निगम) ईश्वरदास वैष्णव ओबीसी प्रकोष्ठ गिर्वा ब्लॉक अध्यक्ष) व कांग्रेस कार्यकर्ता एडवोकेट प्रभूलाल आदि मौजूद रहे।

**पर्यावरण स्वीकृति सूचना**

एम.एल.नं.58/2018 खनिज ग्रेनाईट, क्षेत्रफल-2.9056 हैक्टेयर, राजस्व ग्राम एकलसिंहा, तहसील केकड़ी, जिला अजमेर, उत्पादन क्षमता 438,528 TPA (ROM) पट्टेधारी श्रीमती कविता रानी बैरवा, पर्यावरण स्वीकृति क्रमांक F1(4)SEIAA/SEAC/Sectt Project/cat B1(21353) 2019-20 जयपुर दिनांक 17.10.2022 SEIAA जयपुर द्वारा जारी की गई।

खनन पट्टेधारी
श्रीमती कविता रानी बैरवा

# आचार्य अभयमुनि का विदाई समारोह

आसींद, (निसं)। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के सानिध्य में इंद्रमल भंवरीदेवी श्रीमाल प्रवचन हाल में आचार्य अभय मुनि का चातुर्मास तप, त्याग एवं धर्म आराधना के साथ आनंद पूर्वक संपन्न हुआ। चातुर्मास काल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रावक श्राविकाओं को संघ द्वारा सम्मानित किया गया।

आचार्य ने कहा कि आसींद में चातुर्मास ऐतिहासिक रहा है यहां के श्रावक श्राविकाओं ने धर्म ध्यान का पूरा लाभ लिया है। आसींद संघ के कार्यों की सभी संतों ने भूरी भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर मुनि भूपेंद्र एवं स्वरूप मुनि ने भगवान महावीर के जीवन पर प्रकाश डाला एवं कर्म सत्ता क्या होती है उसके ऊपर विस्तृत प्रकाश डाला। संघ द्वारा श्राविका रत्न की उपाधि से 97 वर्षीय भंवरी देवी श्रीमाल एवं श्रावक रत्न की उपाधि से ताराचंद रांका को अभिनंदन पत्र भेंटकर माला एवं शाल से सम्मानित किया गया।



श्राविका रत्न की उपाधि से भंवरी देवी श्रीमाल एवं श्रावक रत्न की उपाधि से ताराचंद रांका को अभिनंदन पत्र भेंटकर माला एवं शाल से सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में चातुर्मास काल में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं का भी शाल एवं माला से सम्मान किया गया। विदाई समारोह को महिला मंडल अध्यक्ष मंजू कर्णावट वरिष्ठ श्रावक भंवर लाल कांठेड़, तारा चंद रांका, अशोक कुमार श्रीमाल, कनिष्क चौधरी आदि वक्ताओं ने संबोधित किया। संघ अध्यक्ष चंद्र सिंह चौधरी, मंत्री देवीलाल पीपाड़ा ने चातुर्मास में तन, मन, धन से सहयोग करने पर सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की हरीभाऊ उपाध्याय नगर विस्तार योजना वैम्बे के आवासीय/व्यवसायिक भूखंड संख्या 37 क्षेत्रफल 40 वर्गगज के आवंटी/अंतरिति की 1. श्री हीरालाल पुत्र ठाकुमल 2. सुरेश तुलसानी पुत्र श्री हीरालाल निवासी 361 आजाद नगर कोटडा अजमेर जिसमें हीरालाल की मृत्यु दिनांक 12/10/22 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः 1. श्रीमती हेमलता पत्नी स्व. श्री हीरालाल 2. श्रीमती भारती भोजवानी पुत्री स्व. हीरालाल पत्नी टीकम भोजवानी 410/33 पाल बिचला 3. अशोक तुलसानी पुत्र स्व. हीरालाल 4. सुरेश तुलसानी पुत्र स्व. श्री हीरालाल द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्री सुरेश तुलसानी पुत्र स्व. हीरालाल निवासी 361 आजाद नगर कोटडा अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 1.11.22 के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

## कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

अजमेर, (कास)। अजमेर में निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड की एक भुजा जो ऐतिहासिक सोनी जी की नसियां के पास बनी है का विरोध जारी है। मंगलवार को जिला कलेक्टर और स्मार्ट सिटी के सीईओ अंशदीप को ज्ञापन देकर जागरुक नागरिकों ने मांग की है कि रोड की भुजा नसियां के बजाए आगरा गेट चौराहे तक ही रखी जाए।

कलेक्टर को ज्ञापन देने वाले जागरुक नागरिकों के शिष्टमंडल में नगर सुधार न्यास के पूर्व अध्यक्ष धर्मेश जैन व ख्वाजा साहब की दरगाह के खादिमों की संस्था अंजुमन सैयद जादगान के सदर गुलाम किबरिया, व्यापारिक एसोसिएशन के अध्यक्ष किशन गुप्ता, प्रकाश पाटनी, प्रवक्ता विकास अठावाल व कमल गंगवाल, समाजसेवी रंजीतमल लोढ़ा, संजय अग्रवाल ने तर्क दिया कि हाल में एलिवेटेड रोड की भुजा के लिए नसियां व एक्सचेंज के निकट जो दीवार बनाई है उसकी वजह से दोनों तरफ का यातायात दिनभर जाम रहता है।

# विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में डोर स्टेप कॉउंसलिंग आयोजित

अरांई, (निसं)। तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वाधान में पंचायत समिति परिसर में डोर स्टेप कॉउंसलिंग शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में अपर जिला एवं सेशन न्यायधीश किशनगढ़ द्वारा नियुक्त पैनल अधिवक्ता ने पक्षकारों के मध्य सहमति बनाई गई।

शिविर में 52 प्रकरण सहित राजस्व न्यायालय के प्रकरण आये। पैनल अधिवक्ता प्रदीप कुमार सिंधी ने बताया कि 38 प्रकरणों में समझाइश की गई। चेक प्रकरणों में 8 सझाईश हुई तथा 1 प्रकरण का राजीनामा के मार्फ़त निस्तारण किया गया। उन्होंने बताया कि 12 नवम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

शिविर में संबोधित करते हुए तहसीलदार हनुमान प्रसाद ने लोक अदालत का महत्व बताते हुए कहा कि लोक अदालत एक ऐसा स्थान है जहां कानून की अदालत में या पूर्व मुकदमेबाजी के स्तर पर लंबित विवादों, मामलों को शांतिपूर्वक सुलझाया-समझौता किया जा सकता है। लोक अदालत, जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है, लोगों की अदालत है।



शिविर को संबोधित करते हुए तहसीलदार हनुमान प्रसाद ने लोक अदालत का महत्व बताया।

लोक का अर्थ है 'लोग', जबकि अदालत का अर्थ है 'न्यायालय।' लोक अदालत न्याय व्यवस्था का एक तरीका है जिसे लोगों को वहनीय और समय पर न्याय प्रदान करने के मुद्दे को हल करने के लिए बनाया गया था। शिविर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की और से आमजन को स्वास्थ्य जाच, परामर्श, दवा वितरण की गई।

इस दौरान पंचायत समिति सदस्य पानाराम बैरवा, राजस्व विभाग से गिरदावर रामेश्वर लाल जाट, ऑफिस कानूनगो महेश टेलर, राकेश चौधरी, चिकित्सा विभाग से डॉक्टर आदित्य शर्मा, मोहन चौधरी, राजवीर ओलण, अमित लक्षकार, गोविंदा देवी, अलका कोठारी,पटवारी प्रकाश चन्द शर्मा, पटवारी हरिराम जाट, अशोक कुमावत, किशोरनाथ ने सहयोग प्रदान किया।

**fincare** Small Finance Bank

**Registered Office:** 301-306, 3rd Floor, ABHIJEET -V, Opp. Mayor's Bungalow, Law Garden Road, Mithakhali, Ahmedabad - 380006, Gujarat. **www.fincarebank.com**

**LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS**

The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from Fincare Small Finance Bank Ltd ( "Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles as per below schedule.

| Loan Account no | Name of the borrower | Auction Venue | Auction Date |
|---|---|---|---|
| 22660000016572 | MRS. KOMAL SINGH | FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD; GROUND FLOOR, PLOT NO.5, SHAKTI NAGAR, TRIVENI CHOURAHA BYPASS, JAIPUR, RAJASTHAN, 302015 | 11/11/2022 |
| 22660000020993 | KAVITA | | |
| 22660000052612 | MR. VIKAS KUMAR VERMA | | |
| 22660000274244 | MR. AJAY SINGH | | |
| 22660000292870 | AJAY SINGH | | |
| 21660000772329 | ANJU BAI | FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD; GROUND FLOOR, 386-SHOPPING CENTER, GHODE WALE BABA CROSS ROAD, BESIDE SANCHIT TOWER, GUMANPURA ROAD, KOTA, RAJASTHAN, 324007 | 11/11/2022 |
| 21660000813333 | PRADEEP KASHYAP | | |
| 21660000832707 | MS. NIRAJA JOLLY | | |
| 21660000837098 | RAM SHARAN MEENA | | |
| 22660000011081 | MANOJ KUMAR | | |
| 22660000034747 | SAIDAN BEGAM | | |
| 22660000047132 | SATYANARAYAN | | |
| 22660000051454 | SURJEET GOCHER | | |
| 21660000779966 | BHUPENDRA SEN | FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD; GROUND FLOOR, 16C, MANOHAR HEIGHTS, 1 MADHUBAN BANK STREET, OPPOSITE ICON TOWER, UDAIPUR, RAJASTHAN, 313001 | 11/11/2022 |
| 21660000837788 | MAHENDRA KUMAR DHANDHORIYA | | |
| 22660000009655 | JUZAR HUSSAIN | | |
| 22660000455724 | GOVIND SAIN | FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD; GROUND FLOOR, SHOP NO-2 & 3, A-235, GURU JEMBESHWAR NAGAR, GANDHIPATH, QUEENS ROAD, JAIPUR, RAJASTHAN, 302021 | 11/11/2022 |
| 21660000801406 | SEEMA | FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD; A/23, BAPU NAGAR, ROAD NO.13 ,SETHI, NEAR SBI BANK, CHITTAURGARH, RAJASTHAN, 312001 | 11/11/2022 |
| 21660000812605 | VIJAY KUMAR SHARMA | | |
| 22660000010612 | BADRI LAL | | |
| 22660000555086 | MR. DURGA SHANKAR CHASTA | | |
| 22660000051624 | PRAKASH OJHA | FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD; 1ST FLOOR A-1 PLAZA PLOT NO.163, NEAR UIT OFFICE SUBASH NAGAR, AJMER ROAD, BHILWARA, RAJASTHAN, 311001 | 11/11/2022 |

Note: The auction is subject to certain terms and conditions mentioned in the bid form, which is made available before the commencement of auction.